तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

12 शहीद वीरनारायण सिंह ने भूख के खिलाफ जो संघर्ष छेड़ा ...



10 शादी का प्रलोभन-शारीरिक शोषण ...





## खबर संक्षेप

### विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज

**डौंडीलोहारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ,जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया के निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के नेतृत्व में 12 दिसंबर दिन गुरुवार को सुबह 10.30 बजे कांग्रेस भवन डौंडीलोहारा के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा हैं। धरना प्रदर्शन में घोषणा पत्र के अनुसार 3100 रुपए में धान का भुगतान, बढ़ते अपराध एवं नशा पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी भत्ता देने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने, गौठान योजना को पुनः चालू करने, राजीव मितान क्लब को पुनः चालू करने जैसे मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मेघनाथ साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निपानी में हुई पालक- शिक्षक बैठक

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निपानी में आज पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा जग्गा व्याख्याता एवं नगमा परवीन सहायक शिक्षक ने बताया कि बैठक के माध्यम से पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा से संबधित विषय पर चर्चा की गई। साथ ही साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधि और समेटिव असेसमेंट प्रथम की उत्तर पुस्तिकाओं को पालको को दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राए उपस्थित थे।

### नये कोटवार की नियुक्ति रद्द कर पुराने को यथावत रखने की मांग

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम गिधवा में पुराने कोटवार को हटाकर नए कोटवार की नियुक्ति की गई है। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा बार-बार निवेदन किया जा रहा है। परन्तु तहसीलदार देवरी बंगला एवं अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा द्वारा प्रकरण को अनदेखा किया जा रहा है। प्रकरण को लेकर पुराने कोटवार द्वारा आयुक्त दुर्ग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई होने तक नये कोटवार की नियुक्ति नहीं किये जाने की मांग की गयी है। मामले को लेकर 13 दिसंबर दिन शुक्रवार को हड़ताल में जाने की सूचना ब्लॉक कोटवार संघ के अध्यक्ष कन्हैया दास मानिकपुरी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। नगर के धरना प्रदर्शन स्थल नगर पंचायत के पास धरना प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक जिला बालोद , अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डौण्डीलोहारा , थाना प्रभारी, रक्षित आरक्षी केन्द्र थाना डौण्डीलोहारा व तहसीलदार डौंडीलोहारा को भी दी गई है।

### बाइक चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इमली चौक दुर्ग निवासी चंदन यादव 30 नवंबर को बैक आफ महाराष्ट्र सुपेला के सामने अपनी बाइक सीजी. 07 एटी 8476 को रखा हुआ था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसका वीडियों फुटेज सीसी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस उसी के आधार पर खोजबीन में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर नेहरू नगर बाजार चौक के पास चोरी की बाइक को बेचने के लिए युवक ग्राहक की तलाश कर रहा था।

# जिले में भाजपा को और मजबूत करने बनाए जा रहे 8 नए मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम तैयार करने के लिए जिले के संगठनात्मक ढांचा में अमूलचूल परिवर्तन कर रहा है।

- नए के साथ कुल 17 मंडलों में कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम बनाने की तैयारी

जिले के पांच विकासखण्ड को भाजपा पहले 9 मंडलो मे विभक्त कर कार्य कर रही थी। अब उसको और मजबूत करने के लिए 8 नए मंडल बनाए जा रहे हैं। संगठन के अनुसार बालोद जिले मे संगठनात्मक परिसीमन के पश्चात वर्तमान नौ मंडलों से 8 नए मॉडल का विस्तार करते हुए प्रदेश नेतृत्व ने जिले में 17 मंडल की घोषणा की है।

पार्टी में संगठन चुनाव के अंतर्गत बूथ कमेटियों के गठन के साथ ही मंडल अध्यक्ष का चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी नीलू शर्मा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता के निर्देशानुसार दो दिन 12 दिसंबर तक समस्त मंडलों में मंडल अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस हेतु जिला भाजपा कार्यालय बालोद में जिला चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा ने 11 दिसंबर को दल्ली राजहरा मंडल चुनाव अधिकारी पवन साहू, डौंडी व कुसुमकसा चुनाव अधिकारी प्रीतम साहू, जुंगेरा व करहीभदर मंडल के चुनाव प्रभारी दिलीप शर्मा को नियुक्त किया था। जिन्होने बुधवार को संगठन चुनाव संपन्न ▶▶| शेष पेज 10 पर

## वर्तमान में पांच विकासखंडों को 9 मंडलों में विभक्त कर किया जा रहा काम

### चुनाव अधिकारी किए गए नियुक्त

गुरुवार 12 दिसंबर को अर्जुंदा व सिकोसा मंडल के चुनाव के लिए यशवंत जैन, गुण्डरदेही व सिकोसा मंडल चुनाव हेतु कृष्णकांत पवार बालोद (शहर) व सनौद मंडल वीरेंद्र साहू, खेरथा व सुरेगांव मंडल राकेश यादव, डौंडी लोहारा व रेंगाडबरी मंडल यज्ञदत्त शर्मा चुनाव अधिकारी होंगे। इनके अलावा गुरुर व मिर्रीटोला(पुरुर) चेमन देशमुख को मंडल चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।



### भाजपा के ये होंगे मंडल

8 नए मंडल मिलाकर अब जिले में बालोद शहर मंडल, जुंगेरा मंडल, करहीभदर मंडल, गुरुर मंडल, मिरऍटोला(पुरुर) मंडल, सनौद मंडल, गुण्डरदेही मंडल, ओटेबंद मंडल, सिकोसा मंडल, अर्जुंदा मंडल, खेरथा मंडल, सुरेगांव मंडल, दल्ली राजहरा मंडल, डौंडी मंडल, कुसुमकसा मंडल, डौंडी लोहारा मंडल, रेंगाडबरी मंडल का गठन किया है। इनमे जुंगेरा मंडल, करहीभदर मंडल, मिर्रीटोला मंडल, सनौद मंडल, ओटेबंद मंडल, सिकोसा मंडल, सुरेगांव मंडल, कुसुमकसा मंडल, रेगाडबरी मंडल नए मंडल होंगे। इसमें बालोद ग्रामीण मंडल को जुंगेरा मंडल, करहीभदर मंडल में विभक्त किया गया है।

## कहर : जिले के ब्लेक स्पॉट निगल रहे लोगों की जान

# थम नहीं रहे सड़क हादसे, पांच दिन में अलग-अलग दुर्घटनाओं में 7 लोगों की हुई मौत, 36 हो गए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे पिछले 8 दिसंबर से 12 दिसंबर के बीच मात्र 5 दिनों मे जिले के अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटनाओं में 36 लोग घायल हो चुके हैं। जिसमें से कई ऐसे घटनाएं है जो पुराने ब्लैक स्पॉट पर घटित हुई है। ब्लेक स्पॉट्स लगातार लोगों की जान निगल रहा है।

जिले में पिछले पांच दिन हादसों भरे रहे हैं। हादसों में डौण्डी में 1 की मौत, अरमरीकला में 1 मौत व 1 घायल, डौण्डीलोहारा में 4 घायल, गुजरा में 1 घायल, मरकाटोला में 2 मौत, पुरूर में 1 मौत व 7 घायल, पड़कीभाट में 1 मौत व 2 घायल, मरकाटोला में 4 घायल, कंकालीन मोड़ हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। लाखों खर्च करके प्रशासन द्वारा कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कई जानकारीयां प्रदान की जा रही है। प्रशासन स्तर पर कई बैठकें आयोजित की जा रही हैं लेकिन जमीनी स्तर पर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रहीं है जो जिले में चिंता का सबब बन चुका है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### रफ्तार बन ही हादसों का कारण

इसमे से मरकाटोला घाट, कंकालीन मोड़ जैसे कई ब्लैक स्पॉट है जिसमे अक्सर छोटी से लेकर बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। अधिकतर दुर्घटनाएं नियमों को तोड़कर वाहन चलाने से हो रही हैं। मौत का कारण दोपहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के कारण हेडइंजुरी से हो रही है। शासन प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने, दो से अधिक सवारी नहीं चलने, दोपहिया वाहनों को तेज गति से नहीं चलाने, चारपहिया वाहनों को तेज गति से नही चलाने एवं सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी जाती है। समय समय पर चालानी कार्रवाई भी की जाती है। उसके बाद भी दोपहिया वाहन चालक सारे नियमों को ताक पर रख ओव्हर स्पीड मोटर सायकल चलाते है।

### बैठक व अभियान के बावजूद नहीं लग रही लगाम



हादसा : जिले के सनौद थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना

हाईवा की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार एक छात्र की मौत, दूसरा गंभीर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अरमरीकला से सनौद बोहारा लौट रहे थे छात्र

दो कार में आमने-सामने टक्कर, चार घायल

सड़क हादसे में एक की मौत, 7 घायल

चारपहिया वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत, दो का इलाज जारी

### पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, 15 घायलों में से 6 गंभीर

**बालोद।** राजाराव पठार मेले से मंगलवार को लौट रहे लोगों से भरा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कुल 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घटना गुरूर थाना क्षेत्र के कंकालिन मोड़ की है। पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे के समय वाहन में करीब 30 लोग सवार थे,



जो वीर मेला घूमकर अपने गांव नारागांव लौट रहे थे। घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटी रही।

### बाइक घुसी ट्रैक्टर ट्राली में, एक मृत

**बालोद।** ग्राम डुडिया में मोटर सायकल में सवार तीन लोग ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसे, जिसमें एक की मौत हो गई। दो अन्य घायलों हो गए। बाइक सवार दीपक ग्राम भेड़ी निवासी ने पुलिस को बताया मोटर सायकल क्रमांक सीजी–08–एनएस–2687 में अपने साथी नंदकिशोर व ब्रजेश नेताम के साथ बैठकर अर्जुन्दा गये थे। मोटर सायकल को उनका साथी नंदकिशोर चला रहा था। डुडिया निवासी ब्रजेश नेताम को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। तभी रात करीबन 07. 30 बजे ग्राम डुडिया मे कमलेश किराना दुकान के पास रोड में कोई व्यक्ति अपनी ट्रैक्टर को ट्राली सहित बिना किसी संकेतक पार्किंग लाइट के आधी सडक में किनारे अंधेरे में खडी किया था। जो अचानक ट्रैक्टर व ट्राली नजर नहीं आने से मोटर सायकल उसके अंदर घुस गया। जिससे भेड़ी निवासी नंद किशोर को सिर, चेहरे व सीने में गंभीर चोंट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ब्रजेश नेताम ▶▶| शेष पेज 10 पर

- दो अन्य सवार हुए घायल

## पूर्व सांसद मंडावी ने केंद्रीय मंत्री से विकास कार्यों के लिए की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

कांकेर के पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद जैन अपने दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने अपने साथ लोकसभा में सांसद मित्रों से भेंट मुलाकात करके उनका हालचाल जाना।

साथ ही योग गुरु बाबा राम देव, राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अनुसूचित जनजाति जुएल ओराम, छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन, केंद्रीय राज्य मंत्री अनुसूचित जाति दुर्गा दास उईके से मुलाकात कर पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत डौंडीलोहारा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आदिवासी उपयोजना क्षेत्र डौंडीलोहारा में शामिल हैं। इन ग्रामों में विकास कार्यों की आवश्यकता के लिए केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके को अनुच्छेद 275 (1) के अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता मद से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ से छत्तीसगढ़ के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। बिलासपुर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री आवास और शहरी तोखन साहू, उनसे मुलाकात की साथ ही ▶▶| शेष पेज 10 पर

# गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति विभाग एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के सभागार में मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एचएल. मानकर ने की। उन्होंने मानव अधिकार दिवस के उद्देश्य को बताते हुए अपने अधिकारों के लिए सजग रहने के लिए कहा। मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो किसी भी व्यक्ति को जन्म के साथ ही मिल जाते हैं, मानव अधिकार के उद्देश्य से व्यक्तियों के लिए न्यूनतम अच्छे जीने के लिए आवश्यक स्थिति सुरक्षित हो पता है।

सहायक प्राध्यापक सीडी. मानिकपुरी ने संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारों और मानवाधिकारों में अंतर को बताया। मौलिक अधिकार किसी देश के नागरिकों के वह अधिकार हैं जो संविधान में वर्णित है और कानून द्वारा लागू किए जाते हैं। दूसरी ओर मानवाधिकार वे सुरक्षा उपाय हैं जो एक इंसान को सम्मान और समानता के साथ जीने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने करेंगे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार के साथ ही लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए जाएंगे।

- राज्य शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर कल विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित : कलेक्टर



उक्त कार्यक्रमों के आयोजनों से लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि 13 दिसंबर को जिला स्तर पर शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर 1 वर्ष की उपलब्धियों एवं शासन की प्रमुख योजना पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग तथा नगरीय प्रशासन विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

21 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालयों में किसान सम्मेलन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जाएगा। 23 दिसंबर को विधानसभा मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

### लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

कलेक्टर ने बैठक में समय–सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा भी की तथा उसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष विभाग द्वारा देश की प्रकृति परीक्षण अभियान के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। यह अभियान 'एक कदम स्वस्थ भारत की ओर' 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिसके तहत आयुष विभाग द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप्लिकेशन को इंस्टाल कर स्वास्थ्य जांच कराने की जानकारी दी गई।

## क्षेत्र के 125 किसान ने लिया भाग, जानी खेती की उन्नत तकनीक

# अवारी में तिलहनी फसल सरसों की खेती पर कृषक खेत पाठशाला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ग्राम लिम्हाटोला अवारी में जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत और कृषि विभाग के तत्वावधान में तिलहनी फसल सरसों की खेती पर कृषक खेत पाठशाला का शुभारंभ 11 दिसंबर किया गया। पाठशाला ग्राम लिम्हाटोला के कुसुमटोला रोड में प्रकाश जैन के खेत में आयोजित की गई। जिलाधीश द्वारा दलहन तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए यह पाठशाला शुरू करवाई गई है।

- सरसों के बीज को बीजामृत से उपचार करके कतार बोनी का किया जीवंत प्रदर्शन

पाठशाला प्रत्येक 15 दिवस में फसल अवधि तक लगाई जाएगी,







जिसमें कृषकों को सरसों की उन्नत खेती के विषय में तथा कृषि की उन्नत तकनीक का मार्गदर्शन दिया जाएगा। आज प्रथम दिवस कृषि विज्ञान केंद्र बालोद के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सरसों के बीज को बीजामृत से उपचार करके कतार बोनी का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया गया। जैविक सरसों की खेती का शुभारंभ भी हो गया। कृषि वैज्ञानिक सचिन वर्मा जी के द्वारा विस्तार से सरसों की खेती के बारीकियों को समझाया गया। एस.एन.ताम्रकार सहायक संचालक कृषि द्वारा सीड ड्रिल से सरसों का कतार बोनी के विषय में खेत में किसानों को प्रायोगिक समझाया गया। सभी कृषक मशीन से होने वाले कतार बोनी को देखकर बहुत हर्षित हुए। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### खेतों में पराली न जलाएं: उपसंचालक

उपसंचालक कृषि जी. एस.ध्रुवे ने खेतों में फैली पराली को नहीं जलाने का आव्हान किया। दलहन तिलहन, मक्का और गन्ना का रकबा बढ़ाने के लिए कृषकों को प्रेरित किए। महेश मार्गिया अनुविभागीय कृषि अधिकारी बालोद ने सरसों के महत्व और उसके बाजार पर विस्तृत जानकारी प्रदान किए। डिकेंद्र वर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जरायन माछी मुड़ी के पत्तियों से फफूंदनाशी बनाने की विधि और बिजामृत का जीवंत प्रदर्शन दिखाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सी.एल.हिरवानी और चेतन भूआर्य द्वारा किया गया तथा पी.के यदु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की पूर्णाहुति किया गया।

### धीरज राइस मिल के पास अज्ञात वृद्ध का शव मिला



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में थाना अंडा के 11 दिसंबर के 12 बजे दोपहर को धीरज राइस मिल के पास अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष का शव मिला है। पुलिस उसकी शिनाख्त में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक के बाल दाढ़ी मूंछ सफेद अधपका बड़ा-बड़ा ,रंग गेंहुआ, लाल फूल चेकदार स्वेटर तथा काला रंग का लोअर पहना है। पेट के नीचे भाग में ऑपरेशन का पुराना छोटा चिन्ह दिख रहा है। दांत पूरे सफेद हैं। पुलिस ने जानकारी होने पर सूचना देने की अपील की है।

हरिभूमि

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

